महिला अध्ययन केन्द्र

सशक्तीकरण की ओर बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम है जागरूकता।ग्रामीण महिलाओं को विभिन्न सामाजिक एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी विषयों पर जागरूक करने के प्रयास में दुवास ू मथुरा में स्थापित महिला अध्ययन केन्द्र के अर्न्तगत दिनांक 30–11–2023 को ग्राम बन्दी विधानसभा प्रक्षेत्र बलदेव , जनपद , मथुरा में वृद्धावस्था सम्बन्धित विषयों पर महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की ओर से इस आयोजन का नेतृत्व डा0 वर्षागुप्ता ने किया।टीम के अन्य सदस्यों डा0 ममता, डा0 रेनू सिंह, श्रीमती प्रिया शर्मा श्रीमती किरण एवं प्रिया पचौरी ने इसमें सहयोग प्रदान किया।क्यों कि शिक्षित बालिका ही एक कुशल, सुशिक्षित और सशक्त महिला बनेगी, इसलिए जागरूकता कार्यक्रम को माध्यमिक विद्यालय के बच्चों तक भी ले जाया गया जिसके तहत बच्चों के लिए चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गयी, चित्रकला के माध्यम से बच्चों ने आजादी का अमृत महोत्सव विषय पर अपनी काल्पनिक शक्ति एवं भावनाओं की सुन्दर अभिव्यक्ति की,प्रोत्साहन स्वरूप प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को पुरूस्कार प्रदान किये गये।जिसकेपश्चातगाँव के ग्रामपंचायतसचिवालय मेंमहिलाओं के लिएगोष्ठीकाआयोजनकियागया, जिसमेंलगभग50 महिलाओं ने सहभागिताकी।महिलाओंविशेषकर वृद्धाओं की सोचमेंसकारात्मकपरिवर्तनलानेऔर वृद्धाओं की उदासीनताकोदूरकरने के उपायोंपरचर्चा की गयी।ग्रामीणमहिलाओंकोविभिन्नविषयोंपरजैसेकि वृद्धोंमेंहोनेवाले शारिरीक एवंमानसिकबदलाव, वृद्धों के आहार, ग्रीष्म एवं शीत ऋतुमेंउनकीविशेष देखभालआदिपरअभिवियक्तिकोसुनागया, इसअभिव्यक्तिकाप्रभाव यह रहाकिथोड़ी झिझक के बादमहिलाओं ने खुलकरजननांगों एवंमनोवैज्ञानिकसमस्याओंपरभीचर्चाकी।विश्वविद्यालय की टीम ने उन्हेंइनसमस्याओं से सम्बन्धितवैज्ञानिकतथ्यों की सरलजानकारीदी एवं इनके प्रभावोंको कम करने के उपायोंपरभीजानकारीदी।महिलाओं द्वारा वृद्धों के महत्वपर वृद्धोंको”वृक्षों की छाया”कहेगये शब्दइस धारणाको बल देतेहैंकिक्योंकिआजभी शहरभावनाओं के लिए गाँवों की ओर देखतेहैं।

टीम द्वारामहिलाओंको खानपानउचित रखने एवंव्यायामकरने के लिए प्रोत्साहितकियागया, चर्चाकोसहजबनाये रखने के उद्‌देश्य से महिलाओं के लियेमनोरंजकप्रतियोगितायेंकराईगयींजिसमेंमहिलाओं ने बढ़ चढ़ करहिस्सालियातथामहिलाओंकोप्रोत्साहितकरने के लिए पुरूस्कारदियेगये।अंततः स्वल्पाहारवितरितकरकार्यक्रमकोपूर्णकियागया।